GUILD OF THE GOAT

# बरगद

इंसेंटिव फ़ाउंडेशन की एक पहल,
गिल्ड ऑफ़ द गोट के साथ मिलकर

# आवेदक सूचना प्रपत्र

Ph: +91 9266469069
Email: bargad.theatre@gmail.com
Instagram: @bargadtheatre

Incentive FOUNDATION

ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे समुदायों के कलाकारों के लिए **5 महीने** का गहन थिएटर प्रशिक्षण कार्यक्रम - **पूरी तरह से निःशुल्क।**

हमारा मकसद है सुलभ, गहन और अच्छे स्तर कि, पूरी तरह से मुफ्त, थिएटर ट्रेनिंग को लोकतांत्रिक बनाना। उन इच्छुक कलाकारों तक यह ट्रेनिंग पहुँचाना, जिनके लिए, सामाजिक या आर्थिक स्थिति के कारण, ऐसी ट्रेनिंग प्राप्त करना मुश्किल हो।





## कोर्स की विशेषताएँ

- 14 युवाओं के लिए 5 महीने का थिएटर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- देशभर से आए अनुभवी कलाकारों से अलग–अलग तरह की ट्रेनिंग।
- फेलोज़ द्वारा बनाई गई मौलिक प्रस्तुतियों का टिकट वाला अंतिम शो।
- हर छात्र को पूरी तरह फ़्री फ़ेलोशिप, साथ में ₹10,000 प्रति माह स्टाइपेंड।
- कोर्स के बाद भी थिएटर में आगे बढ़ने के लिए मदद और सपोर्ट।

## कार्यक्रम संरचना

- कार्यक्रम **जनवरी 2026** से शुरू होगा, जिसमें **16 हफ़्तों की ट्रेनिंग और 4 हफ़्तों की रिहर्सल होगी।**

- मॉड्यूल्स में एक्टिंग ट्रेनिंग के साथ-साथ थिएटर बनाने और डिवाइजिंग पर ध्यान दिया जाएगा।

- कोर्स सोमवार से शुक्रवार शाम को और शनिवार दोपहर को चलाए जाते हैं, ताकि प्रतिभागियों की बाहरी जिम्मेदारियों का ध्यान रखा जा सके।

- फेलोज़ हर दूसरे शनिवार को अपनी बनाई हुई नई प्रस्तुतियाँ साझा करेंगे और मेंटर्स व फैकल्टी से फ़ीडबैक पाएंगे।

- कोर्स में दिल्ली में चुनी हुई थिएटर प्रस्तुतियाँ, फिल्म स्क्रीनिंग्स, वार्ता और फील्ड ट्रिप भी शामिल होंगे।





## आवेदन कौन कर सकते हैं

- यह कार्यक्रम उन उभरते थिएटर कलाकारों के लिए है, जिन्हें जाति या सामाजिक–आर्थिक वजहों से थिएटर प्रशिक्षण के अवसर पाना मुश्किल होता है।

- प्रशिक्षण हिंदी और अंग्रेज़ी में आयोजित किया जाएगा; आवेदन करने के लिए प्रतिभागियों को इनमें से किसी **एक भाषा** में दक्ष होना आवश्यक होगा।

- आवेदकों के पास थिएटर का कुछ पूर्व अनुभव होना चाहिए, चाहे शौकिया हो या पेशेवर। **यह बिल्कुल शुरुआती स्तर के लिए नहीं है।**

- अन्य शहरों से आने वाले आवेदक आवेदन कर सकते हैं, लेकिन मासिक फ़ेलोशिप स्टाइपेंड के अतिरिक्त किसी तरह की आवास सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

- हम ऐसे आवेदकों को प्रोत्साहित करते हैं जिनका कोर्स पूरा करने के बाद परफ़ॉर्मिंग आर्ट्स में काम करने का गहरा इरादा हो।



## आवेदन प्रक्रिया

बर्गद आवेदन प्रक्रिया 2 चरणों में होगी:

- **एक आवेदन फ़ॉर्म**
- **एक इन–पर्सन वर्कशॉप ऑडिशन।**

- इसमें एक अनिवार्य लिखित सेक्शन होगा और एक सेक्शन जिसे वीडियो या लिखित रूप में जमा किया जा सकता है।

- आवेदन ऑनलाइन फ़ॉर्म के ज़रिए, या स्कैन की हुई कॉपी व्हाट्सऐप या ईमेल से भेजकर भी जमा किए जा सकते हैं।

- आवेदन हिंदी या अंग्रेज़ी – किसी भी भाषा में भेजे जा सकते हैं।

- अगर आवेदन में कोई दिक़्क़त आए या कोई सवाल हो तो हमें बेझिझक **bargad.theatre@gmail.com** पर मेल करें।

- शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को बर्गद कोर टीम द्वारा दिल्ली के ब्लैक बॉक्स ओखला में इन–पर्सन ऑडिशन के लिए बुलाया जाएगा।

## आवेदन की समय-रेखा

- आवेदन **1 सितम्बर** से खुलेगा और **5 अक्टूबर** तक भरे जा सकेंगे।
- शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों की घोषणा **1 नवम्बर** तक की जाएगी।
- इन–पर्सन ऑडिशन **29 नवम्बर** से **7 दिसम्बर** के बीच होंगे।
- चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची **10 दिसम्बर** तक घोषित की जाएगी।
- ओरिएंटेशन **10 जनवरी** को होगा।
- कक्षाएँ **12 जनवरी** से शुरू होंगी।

# हमारी टीम



## अंबा सुहासिनी के. झाला

अंबा एक अभिनेत्री, निर्देशक और शिक्षक कलाकार हैं। वह ड्रामा स्कूल मुंबई में अभिनय के पीजी डिप्लोमा की कोर्स लीडर रह चुकी हैं। वह गिल्ड ऑफ द गोट थिएटर कंपनी की संस्थापक सदस्य भी हैं।



## अनिरुद्ध 'रूडी ' नायर

रूडी ने 2008 में यूनिवर्सिटी ऑफ़ एक्सेटर से थिएटर प्रैक्टिस में एमए पूरा किया। वह भारत और विदेशों में 15 साल से अधिक समय से पेशेवर रूप से एक अभिनेता, निर्देशक और शिक्षक के रूप में काम कर रहे हैं। वह थिएटर कंपनी - गिल्ड ऑफ़ द गोट के सह-संस्थापक भी हैं।



## संयुक्ता साहा

संयुक्ता एक एप्लाइड थिएटर प्रैक्टिशनर और आगाज़ थिएटर ट्रस्ट की सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक हैं। यह संस्था हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती में एक सामुदायिक कला केंद्र और थिएटर रिपर्टरी के रूप में काम करती है। वह थिएटर और विकास के क्षेत्र में 15 से अधिक वर्षों का अनुभव रखती हैं।



## शांभवी सिंह

शांभवी एक आर्ट्स मैनेजर, पेशेवर कोच और ब्रांड स्ट्रेटजी कंसल्टेंट हैं। उनके पास रचनात्मक उद्योगों में परियोजना और टीम प्रबंधन का 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह दिल्ली-आधारित आर्ट्स गैर-लाभकारी संस्था ओडबर्ड थिएटर एंड फाउंडेशन की संस्थापक भी हैं।

# हमारी टीम



## कियाना मनीअन

कियाना एक लेखिका और आर्ट्स मैनेजर हैं, जिन्हें थिएटर और शिक्षा का अनुभव है। उन्होंने बहु-विषयक सहयोगी आर्ट्स कलेक्टिव Dinner At Midnu's की सह-स्थापना की है और दिल्ली की कई संस्थाओं जैसे WIP Labs, Oddbird Theatre Foundation और Aagaaz Theatre Trust के साथ काम किया है।

## सुकृति



सुकृति एक अकादमिक, थिएटर मेकर, आर्ट्स एजुकेटर और परफ़ॉर्मेंस स्टडीज़ स्कॉलर हैं, जिन्होंने अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली से अध्ययन किया है। उन्होंने श्रीराम सेंटर ऑफ़ परफ़ॉर्मिंग आर्ट्स, दिल्ली, नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा और काइवल्य प्लेज़ दिल्ली में विभिन्न थिएटर शैलियों का प्रशिक्षण लिया है। वे दिल्ली के कई थिएटर समूहों के साथ मंच पर और मंच के बाहर व्यापक रूप से काम कर चुकी हैं।



## अक्षिता डोले

अक्षिता असम की एक फ़ोटोग्राफ़र, फ़िल्ममेकर और विज़ुअल आर्टिस्ट हैं, जो वर्तमान में दिल्ली में रहती हैं। उन्होंने कई मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट्स और अनेक थिएटर व लाइव परफ़ॉर्मेंसेज़ के विज़ुअल डॉक्यूमेंटेशन पर काम किया है।